रौल नं०....................नाम परीक्षार्थी..............................................

XI-54

वार्षिक परीक्षा सन् 2024 A

# नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा

समय – 3.00 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 60

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश:–सभी प्रश्नों सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. निम्न में से कौन–सा सद्‌गुण सार्वभौमिक सदगुण है :– 1
   (क) सत्यनिष्ठा (ख) अहिंसा
   (ग) मानवता (घ) ये सभी।
2. बेईमानी के दुष्परिणाम निम्न में से कौन–से हैं :– 1
   (क) अपयश (ख) घृणा
   (ग) राजदण्ड (घ) ये सभी।
3. ऑगबर्न और निमकॉफ ने परिवार को कितने वर्गों में बाँटकर वर्गीकृत किया है :– 1
   (क) दो (ख) तीन
   (ग) चार (घ) छः।
4. निम्नलिखित में से कौन–सा कारण दहेज प्रथा का कुप्रभाव नहीं है :– 1
   (क) बेमेल विवाह (ख) शिक्षा
   (ग) विवाह का व्यापारीकरण (घ) निम्न जीवन स्तर।
5. निम्न में से कौन–सा गुण एक आदर्श नागरिक का गुण है :– 1
   (क) आत्म–संयम (ख) उदार भावना एवं चरित्र
   (ग) सहिष्णुता (घ) ये सभी।
6. निम्न में से कौन–से कारण शैक्षिक परिवेश में तनाव हैं :– 1
   (क) सीखने की गति (ख) भाषा विकार
   (ग) कक्षा से भाग ज़ाना (घ) ये सभी।
7. चाइल्ड लाइन सेवा का टोल फ्री फोन नम्बर निम्न में से कौन–सा है :– 1
   (क) 1098 (ख) 1094
   (ग) 1092 (घ) 1002
8. हठयोग में शिक्षा दी गई है :– 1
   (क) आहार–विहार की (ख) संयम की
   (ग) मर्यादा की (घ) आसनों की।
9. योग के कितने अंग है :– 1
   (क) 9 (ख) 8
   (ग) 7 (घ) 6

(पृष्ठ पलटिए)

10. किशोरावस्था में कैसा आहार देना चाहिए :- 1

(क) अति (ख) पौष्टिक

(ग) सन्तुलित (घ) अल्प।

**(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 10 शब्द)**

1. अपराध-बोध की संक्षिप्त परिभाषा दीजिए। 1
2. सद्‌गुण और चरित्र में क्या सम्बन्ध है? 1
3. समाज सेवा के प्रकारों के नाम बताइए। 1
4. पर्यावरण प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? 1
5. "विद्यालय समाज का सच्चा प्रतिनिधि है।" यह कथन किसका है? 1
6. बाल अधिकार से आप क्या समझते हैं? 1
7. शिशु सदन से क्या आशय है? 1
8. योगसूत्र के रचनाकार का नाम बताइए। 1
9. अष्टांग योग किसे कहते हैं? 1
10. किशोरावस्था से क्या तात्पर्य है? 1

**(लघु उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 150 शब्द)**

11. नैतिकता के बारे में डॉ. राधाकृष्णन् का क्या मत था? 2
12. परिवार समाज की एक मूल इकाई है? स्पष्ट कीजिए। 2
13. भारत में निरक्षरता उन्मूलन की बाधाओं को दूर करने के उपाय बताइए। 2
14. एक आदर्श नागरिकता से क्या तात्पर्य है? 2
15. शैक्षिक परिवेश में शिक्षक से सम्बन्धित तनाव के कारणों का उल्लेख कीजिए। 2
16. पर्यावरण को सामान्यतः कितने भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है? 2
17. बाल-विवाह पर टिप्पणी लिखिए। 2
18. पतंजलि के योग सूत्र में किस विषय का प्रमुखतया प्रतिपादन किया गया है? 2
19. किशोरावस्था में ऊर्जा तथा प्रोटीन की आवश्यकता को समझाइए। 2
20. नशा करने के क्या कारण हैं? 2

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 300 शब्द)**

21. ईमानदारी से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए तथा बेईमानी के सामाजिक दृष्टिकोण की भी व्याख्या कीजिए। 5

**अथवा**

दहेज प्रथा के प्रमुख दोष तथा इनको समाप्त करने के सुझावों की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

22. उपनिषदों में योग का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

प्राकृतिक चिकित्सा से आप क्या समझते हैं? प्राकृतिक चिकित्सा की मुख्य विशेषताएँ बताइए।